बम बम का ये नारा | By Kumar Sonu |

दिल ने तड़पकर आज
ये भोले को पुकारा
हम हो गए तुम्हारे
और तू है हमारा
अब पार लगा दो इसे
या इसको डुबो दो
निकला हूँ घर से लेकर
तेरा ही सहारा
****
ऐ भोलेनाथ देना
हमको भी सहारा
वो चला बोलता कांवड़िया
बम बम का ये नारा

डंका तुम्हारे नाम का
बजता है जहाँ में
पूजा तुम्हारी होती है
हर घर में मकान में
माथे पे चमकता है
तेरे चाँद सितारा
वो चला बोलता कांवड़िया
बम बम का ये नारा

ऐ भोलेनाथ तुमसा
कोई दानी नहीं है
दोनों जहाँ में शिव का
मेरे शानी नहीं है
तेरी जट से बहती है
गंगा की ये धारा
वो चला बोलता कांवड़िया
बम बम का ये नारा

सोनू भी भोलेनाथ
का दीवाना हो गया
मस्ती झूमता रहा
मस्ताना हो गया
है महिमा निराली तेरी
मुखड़ा भी है प्यारा
वो चला बोलता कांवड़िया
बम बम का ये नारा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-kumar-sonu/